भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा – 852113 (बिहार)

पत्रांकः..............................

दिनांकः..............................

अधिसूचना

एतद् द्वारा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के अधीनस्थ सभी स्नातकोत्तर विभाग, अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभागाध्यक्षों / प्रधानाचार्यों / प्रभारी प्रधानाचार्यों को सूचित किया जाता है कि माननीय राज्यपाल महोदय के आदेशानुसार छात्र–छात्राओं से राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाय। यदि इस संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य / कर्मी पर नियमानुकुल कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कोई भी विभाग / महाविद्यालय सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय से अधिसूचना के पश्चात ही किसी नए पाठ्यक्रम / कोर्स की पढ़ाई शुरू करें। छात्रों को भी प्रवेश के पूर्व कोर्स / पाठ्यक्रम की मान्यता है या नहीं, जाँच कर लेने की आवश्यकता है।

कृपया इसे गंभीरता पूर्वक लागू किया जाय।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से

8/5/24

कुलसचिव

ज्ञापांक– G.S.(645/24)– 458/24 **दिनांक**– 08.05.2024

प्रतिलिपि प्रेषित– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

01. सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, सभी प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य, अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा क्षेत्रान्तर्गत।
02. सभी पदाधिकारी / प्रशाखा / कोषांग, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
03. कुलपति के निजी सहायक / कुलसचिव के आशुलिपिक ग्रेड–1, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
04. विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं सूचना पट्ट।

8/5/24

कुलसचिव